सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 311 | इंदौर, शुक्रवार 29 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

सादगी का संदेश

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव बस में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ पहुंचे उज्जैन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सादगी, मितव्ययिता और सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है।**

इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या सीमित रखते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक ही बस में सवार होकर इंदौर से उज्जैन तक की यात्रा की। इस दौरान सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्था के लिये केवल तीन अन्य वाहन ही साथ रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह पहल सादगीपूर्ण प्रशासन, ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित योजनाओं पर चर्चा भी की।

## शायर बशीर बद्र का 91 साल की उम्र में निधन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भोपाल, एजेंसी**। उर्दू ग़ज़ल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र (91) नहीं रहे। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तक़रीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ़्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। उनको आज शाम 7:30 बजे भोपाल टॉकीज के पास कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। उनकी पत्नी, डॉ. राहत बद्र, जब उनके शेर गुनगुनातीं, तो बशीर साहब के चेहरे पर शादाबी की हल्की सी झलक उभर आती थी।



### यूपी: हमीरपुर में तेज तूफान से गिरा निर्माणाधीन पुल

# 6 मजदूरों की मौत कई मलबे में दबे

**लखनऊ, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में देर रात आए तेज तूफान के दौरान बेतवा नदी पर बन रहे एक निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर ढह गया. जो पुल लोगों की आवाजाही के लिए बनाया जा रहा था, वही पुल लोगों की मौत का सबब बन गया. इस हादसे में अब तक छह मजदूरों की मौत हो गई है और कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की भी आशंका है.**

स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंच चुके हैं. मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है. मलबे में कई लोग फंसे हैं और ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है.



हमीरपुर में मोरा कांडर और कुरारा इलाके को आपस में जोड़ने के लिए एक नए पुल का निर्माण किया जा रहा है. देर रात इलाके में अचानक तेज आंधी-तूफान शुरू हो गया. इसी दौरान निर्माणाधीन पुल की एक भारी-भरकम स्लैब अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई.

हमीरपुर के ASP अरविंद कुमार वर्मा ने इस हादसे का ब्योरा दिया. ANI से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'कल रात करीब 2 बजे हमें सूचना मिली कि एक स्लैब गिर गया है और कुछ लोग उसके नीचे फंसे हुए हैं, जिसके बाद हम तुरंत मौके पर पहुंचे. SDRF यहां है और बचाव अभियान चल रहा है.'

**सीएम योगी ने हादसे पर दी प्रतिक्रिय-** हमीरपुर में गिरे इस पुल मामले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल संज्ञान लिया. उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जाहिर किया. सीएम योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत और बचावकार्य तेज करने का दिया निर्देश भी दिया. मुख्यमंत्री ने घायलों का उचित इलाज करवाने, मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने और हर मुमकिन सहायता मुहैया करवाने के भी निर्देश दिए हैं.

# शहर काजी बोले- गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करें

### नमाजियों ने हाथ उठाकर किया समर्थन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ईद के मौके पर देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। यहां सदर बाजार स्थित ईदगाह में नमाज से ठीक पहले शहर काजी डॉ. इशरत अली ने समाज को सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने खुले मंच से गाय को राष्ट्रीय धरोहर मानने की वकालत की, जिसका वहां मौजूद हजारों नमाजियों ने हाथ उठाकर समर्थन किया। इसके बाद शांतिपूर्वक ईद की नमाज अदा की गई।**



गाय को हमसाया कौम के लोग बड़े एहतराम से देखते हैं। मुसलमानों पर ये इलजाम लगता है कि ये काटकर खाते हैं। अभी कुछ टाइम से मांग उठा रही है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। हम मांग करते हैं कि गाय को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए, ताकि उसके कटने पर पाबंदी लग जा। शहर काजी ने पानी बचाने को लेकर भी अपील की। उन्होंने कहा- बारिश के पानी को जमीन में उतारें, ये न सोचें कि सरकारी करेगी, प्रशासन करेगा। ये सब आते-जाते रहते हैं। हमें आपको सोचना होगा। काजी इशरत अली ने एक और बात दमदारी से कहा- नशा बहुत बड़ी चिंता का विषय है। मुसलमान ही नशा बेच रहा है। इसमें औरतें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा- इंदौर में नशे का मुद्दा सबसे पहले मैंने उठाया है। मैं लगातार उठा रहा हूं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी लगातार इस मुद्दे को काफी प्रमुखता से उठते रहे हैं। इंदौर की ईद एक और खास वजह से पूरे देश में मिसाल है। यहां 50 से अधिक वर्षों से एक अनोखी परंपरा निभाई जा रही है। ईद के दिन शहर काजी को उनके घर से नमाज स्थल (सदर बाजार ईदगाह) तक लाने और वापस छोड़ने की जिम्मेदारी एक हिंदू परिवार निभाता है। इस बार भी सत्यनारायण सलवाडिया और उनके परिवार ने इस रिवाज को आगे बढ़ाया। जैसे ही शहर काजी अपने घर से बाहर आए। हिंदू परिवार ने फूलों का हार पहनाकर उनका स्वागत किया और ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद उन्हें खास तौर पर सजाई गई बग्घी/कार में ससम्मान ईदगाह लाया गया। बता दें कि पिछली ईद पर काजी साहब को विंटेज कार से लाया गया था। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इंदौर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।

# बरसों पुराने घरों और दुकानों के टूटने का दर्द लोगों की जुबान पर आने लगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर छावनी क्षेत्र में हुई कार्रवाई के बाद अब बरसों पुराने घरों और दुकानों के टूटने का दर्द लोगों की जुबान पर आने लगा है। रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि कार्रवाई केवल निर्माण हटाने तक सीमित नहीं रही, बल्कि पीढ़ियों से बसे परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी गई। कई परिवारों के घर टूट चुके हैं, कारोबार ठप हो गए हैं और अब लोग प्रशासन से कम से कम उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।**

रहवासियों का आरोप है कि उन्हें पर्याप्त समय और विकल्प दिए बिना ही कार्रवाई कर दी गई। लोगों का कहना है कि जिन मकानों को अतिक्रमण बताकर तोड़ा गया, वे वैध और वर्षों पुराने थे। रहवासी श्याम अग्रवाल ने बताया कि उनका घर 100 साल से भी अधिक पुराना था। नोटिस मिलने के बाद उन्होंने आगे का हिस्सा खुद हटाया, लेकिन पुराना और कच्चा निर्माण होने से पूरा मकान ही गिर गया। उन्होंने कहा कि यहां जिन मकानों पर कार्रवाई हुई, वे अवैध नहीं थे। सभी के पास रजिस्ट्री और दस्तावेज मौजूद हैं। सड़क निर्माण के लिए लोगों से जमीन ली जा रही है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया जा रहा। यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई बेहद जल्दबाजी में की गई। एक दिन पहले नोटिस दिया गया और अगले दिन सुबह ही तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। क्षेत्र में बुजुर्ग, बच्चे और परिवार रहते हैं, ऐसे में लोगों को सामान तक निकालने का पर्याप्त समय नहीं मिला। व्यापारी विनोद अग्रवाल ने बताया कि उनके 100 साल पुराने मकान पर पहले 10 फीट तक तोड़ने के निशान लगाए गए थे। उन्होंने खुद मजदूर लगाकर निर्माण हटाने की बात कही, लेकिन प्रशासनिक अमले ने मजदूरों को नीचे उतार दिया और मशीनों से तोड़फोड़ शुरू कर दी। उनका आरोप है कि तय सीमा से अधिक हिस्सा तोड़ दिया गया, जिससे पीछे का निर्माण भी क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दूसरी जगह सड़क निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहित की जाती है तो मुआवजा दिया जाता है, फिर यहां लोगों को उसका अधिकार क्यों नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वे नगर निगम के विरोध में नहीं हैं, लेकिन प्रशासन को भी प्रभावित लोगों का साथ देना चाहिए। प्रभावित व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई। उनके मकान के ताले टूट गए और गैस सिलेंडर, वेल्डिंग कटर सहित अन्य सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अन्य जगहों पर भी चोरी की घटनाएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि कार्रवाई के बाद खाली पड़े मकानों और दुकानों की सुरक्षा के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए थी। मलबा हटाने का काम कर रही ठेका कंपनी के कर्मचारी हिमांशु मिश्रा ने बताया कि छावनी चौराहे से जगन्नाथ धर्मशाला तक अधिकांश मलबा हटाया जा चुका है। कुछ स्थानों पर लोगों का सामान होने के कारण काम धीमा हुआ, लेकिन अब तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि दो-तीन जेसीबी और कई मजदूर लगातार काम कर रहे हैं तथा एक-दो दिन में रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया जाएगा।




## कलेक्टर ने आयुक्त के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यों का किया निरीक्षण

### कलेक्टर श्री वर्मा ने दिए गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में तालाबों के गहरीकरण तथा पर्याप्त जल पहुंच सुनिश्चित करने हेतु चैनल सफाई एवं जल संरक्षण के कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा एवं आयुक्त नगर निगम क्षितिज सिंघल द्वारा विभिन्न स्थलों पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा बिलावली तालाब में गहरीकरण कार्य, मोरोद-माचला चैनल सफाई कार्य, राऊ-बिलावली चैनल सफाई एवं पिचिंग कार्य तथा रालामंडल-बिलावली चैनल सफाई कार्य का जायजा लिया गया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि चैनलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो तथा जहां अतिक्रमण पाया जाए वहां त्वरित रिमूवल की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही तालाबों के गहरीकरण एवं जल संरक्षण से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के ये कार्य भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अभियान के माध्यम से जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर आमजन को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बिलावली तालाब के गहरीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। बताया गया कि अब तक लगभग 32 हजार घनमीटर डिसिल्टिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने राउ-बिलावली चैनल पर कॉलोनाइजरों द्वारा किए गए अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया। इस दौरान भवन अधिकारी, जोन क्रमांक-13 को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त आशीष पाठक ने जानकारी दी कि निगम द्वारा पूर्व में पाइप डालकर किए गए अतिक्रमणों को भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हटाया गया है।

### हनी ट्रैप-2 मामले में बड़े खुलासे

## 'डॉल्फिन' डेटिंग एप के जरिए नेताओं और कारोबारियों तक पहुंची रेशू चौधरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चर्चित हनी ट्रैप-2 मामले में जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे कई नए खुलासे हो रहे हैं। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी रेशू चौधरी को लेकर क्राइम ब्रांच लगातार जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, जांच में यह बात सामने आई है कि रेशू हाई प्रोफाइल लोगों तक पहुंच बनाने के लिए डेटिंग एप और सोशल मीडिया का सहारा लेती थी। पुलिस को जानकारी मिली है कि उसने सोशल मीडिया पर 'डॉल्फिन' नाम से एक निजी आईडी बना रखी थी, जिसके जरिए वह राजनीतिक, कारोबारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में आई थी।



सूत्रों के मुताबिक रेशू और उसकी साथी श्वेता काफी सावधानी से काम कर रही थीं। दोनों ने कथित तौर पर किसी भी आपत्तिजनक वीडियो या फोटो को अपने मोबाइल फोन या अन्य गैजेट्स में सेव नहीं रखा। पुलिस को आशंका है कि इस तरह का डेटा अलग-अलग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या अन्य लोगों के पास सुरक्षित रखा गया है, ताकि जांच एजेंसियों को सीधे कोई बड़ा डिजिटल सबूत हाथ न लग सके। यही कारण है कि अब तक क्राइम ब्रांच को मामले से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल एविडेंस नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस शराब कारोबारी और बिल्डर चिंटू ठाकुर को ब्लैकमेल करने के मामले में सबूत जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि एडिटेड फोटो और अन्य दस्तावेजों के आधार पर ब्लैकमेलिंग और वसूली का केस मजबूत किया जा रहा है। पुलिस अब इस पूरे मामले की केस डायरी कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है। इसी मामले में आरोपी अलका को भी कोर्ट में पेश किया गया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने इससे पहले अलका को दोबारा रिमांड पर लिया था, ताकि उससे जुड़े कुछ दस्तावेज और एग्रीमेंट जब्त किए जा सकें। जांच एजेंसियों का कहना है कि अलका भी रेशू और श्वेता के साथ मिलकर बड़े लोगों को फंसाने और फिर उन्हें ब्लैकमेल करने की साजिश में शामिल थी। पुलिस के अनुसार वीडियो फुटेज और एडिटेड तस्वीरों के जरिए लोगों पर दबाव बनाकर पैसों की मांग की जाती थी। रेशू की निजी जिंदगी को लेकर भी कई बातें सामने आई हैं। जानकारी के मुताबिक उसकी शादी छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी महेंद्र नाम के युवक से हुई थी। शादी के बाद वह रायपुर स्थित ससुराल में केवल पांच दिन रही और फिर अपने मायके मकरोनिया लौट आई थी। रेशू के ससुर ने आरोप लगाया है कि जब परिवार उसे वापस लेने पहुंचा तो उसने हर महीने एक लाख रुपए खर्च देने की मांग की थी। वह पति के साथ ओमान के मस्कट में रही। वहां भी उसकी हरकतें संदिग्ध थी।

## 31 मई को देशभर में नाकोड़ा भैरव चालीसा जाप अभियान

### घर-घर होगा सामूहिक पाठ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस कर्नाटक इकाई के आह्वान पर 31 मई रविवार पूर्णिमा के अवसर पर देशव्यापी स्तर पर "नाकोड़ा भैरव चालीसा जाप अभियान" आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत देशभर के नाकोड़ा भैरव भक्त अपने-अपने घरों में परिवार सहित सामूहिक रूप से नाकोड़ा भैरव चालीसा का पाठ करेंगे। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन व महामंत्री सिद्धार्थ कोठारी ने बताया कि 31 मई को प्रातः 8 बजे बजे से दोपहर 12.40 बजे तक घर-घर भैरव चालीसा जाप का विशेष आयोजन किया जाएगा। इंदौर, उज्जैन, रतलाम, देवास, मंदसौर, धार और नीमच सहित मालवा-निमाड़ क्षेत्र के करीब 20 हजार भैरव भक्त इस अभियान में भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नाकोड़ा भैरव भक्ति, धर्म संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का व्यापक प्रसार करना है। संस्था के अनुसार श्री नाकोड़ा जैन कांफ्रेंस को देश का सबसे बड़ा नाकोड़ा भैरव चालीसा प्रसार समूह माना जाता है। संस्था की स्थापना साल 2015 में उज्जैन के नानाखेड़ा स्थित श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ गृह दिरासर से संस्थापक संरक्षक प्रकाश सुराणा के मार्गदर्शन में अक्षय जैन द्वारा की गई थी। वर्तमान में संस्था की इकाइयां देश के 39 राज्यों और प्रांतों में सक्रिय रूप से धार्मिक आयोजन एवं नाकोड़ा भैरव चालीसा प्रसार का कार्य कर रही हैं।

# पानी की टंकी पर परिवार ने जताई आपत्ति

## कोर्ट स्टे लाए, सांसद के साथ मनाने पहुंचे रहवासी




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जलसंकट के बीच पानी की टंकी निर्माण रुकने का मामला सामने आया है। जिन परिवारों ने टंकी निर्माण पर आपत्ति जताते हुए कोर्ट में याचिका दायर की, उनके घर सांसद शंकर लालवानी के साथ रहवासी पहुंचे और उन्हें निर्माण के लिए राजी करने की कोशिश की। कुछ लोगों ने हाथ जोड़कर मनाया, जबकि कुछ ने नारेबाजी कर विरोध जताया।**

दरअसल, टंकी निर्माण शुरू होते ही निर्माण स्थल के पास रहने वाले परिवारों ने कोर्ट से स्टे ले लिया, जिसके बाद काम रुक गया। क्षेत्रीय पार्षद नंदू पहाड़िया ने बताया कि टंकी की योजना बनाते समय संबंधित परिवार सहमत थे, लेकिन काम शुरू होने के बाद उन्होंने स्टे ले लिया। उनका कहना है कि टंकी का निर्माण उनके बंगलों के बहुत करीब हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन टंकी की क्षमता कम करने के प्रस्ताव पर भी तैयार है और यह प्रस्ताव परिवारों को दिया जा चुका है। रहवासियों के अनुसार, रानी सती क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में पानी की भारी किल्लत है, क्योंकि यहां पानी की सप्लाई यशवंत क्लब और मालवा मिल की टंकियों से होती है। लंबे समय से नई टंकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके लिए वितरण लाइन और मुख्य पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन टंकी के लिए खुदाई शुरू होते ही मामला कोर्ट पहुंच गया। गुरुवार को सांसद के साथ पहुंचे रहवासियों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था "टंकी बनने दो, जलसंकट से हमें बचाओ।" फिलहाल कोर्ट से स्टे मिलने के बाद संबंधित परिवार टंकी निर्माण के लिए तैयार नहीं हैं।



# खजराना मंदिर के मास्टर प्लान के प्रथम चरण का भूमिपूजन

## महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खजराना श्री गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के प्रथम चरण के विकास कार्यों का पूजन-अर्चन गुरुवार को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम इंदौर कलेक्टर व मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर व मंदिर प्रशासक क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी अशोक भट्ट व विनीत भट्ट के सानिध्य में सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश फेरवानी, निर्माण एजेंसी के राजू आगर, मंदिर प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, गौरी शंकर मिश्रा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### ये विकास कार्य होंगे

1. मास्टर प्लान के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे।
2. मंदिर परिसर का विस्तार 8.5 एकड़ से बढ़ाकर लगभग 26.5 एकड़ तक करना।
3. महाकाल लोक की तर्ज पर सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था विकसित करना।
4. नागर शैली में भव्य मंडप और प्रवेश क्षेत्र का निर्माण।
5. श्रद्धालुओं के लिए क्लॉक रूम, प्रतीक्षालय, विश्राम स्थल, फीडिंग रूम, डे-केयर सेंटर और प्राथमिक उपचार केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करना।
6. मंदिर तक पहुंचने वाले मार्गों और मास्टर प्लान सड़कों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण।
7. पार्किंग और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना, ताकि त्योहारों और भीड़भाड़ के समय श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।
8. भविष्य में भक्त सदन, धर्मशाला और अन्य धार्मिक-सामाजिक सुविधाओं का निर्माण।

# किश्तें नहीं भर पाने से परेशान

## ऑटो ड्राइवर ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विशाल वर्मा (28) निवासी अंबिका नगर के रूप में हुई है।**

विजयनगर पुलिस के अनुसार विशाल ने घर में फांसी लगाई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई शुभम ने बताया कि विशाल ऑटो रिक्शा चलाता था। उसने बजाज फाइनेंस से पांच साल के लिए लोन लिया था और तीन साल से किश्तें भर रहा था। पिछले दो महीनों से वह किश्तें जमा नहीं कर पा रहा था, जिससे वह तनाव में था। परिवार का कहना है कि फाइनेंस कंपनी की ओर से लगातार कॉल आ रहे थे। परिजनों ने बताया कि विशाल परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। परिवार में माता-पिता, पत्नी और एक छोटी बेटी हैं।

# चाइनीज दुकान में लगी भीषण आग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में गुरुवार शाम एक चाइनीज की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दूर तक धुआं दिखाई देने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना नंदानगर की गली नंबर 1 स्थित मजदूर चौक के पास की है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें पास की दो छोटी दुकानों तक पहुंच गईं। बाद में दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण किया।

# एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक निजी बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें बनियान पहना एक व्यक्ति एटीएम में घुसकर तोड़फोड़ करता दिखाई दे रहा है।**

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक सुदामा नगर निवासी अमित बोहती की शिकायत पर नायता मुडला स्थित इंडिया वन एटीएम में तोड़फोड़ के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की नीयत से एटीएम में घुसा था। उसने एटीएम मशीन की वायरिंग, डोर हैंडल, डोर लॉक, कैमरा और मशीन का लॉक तोड़ दिया। हालांकि वह एटीएम से नकदी चोरी करने में सफल नहीं हो पाया। पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले असरावद खुर्द इलाके में इसी कंपनी के एटीएम में भी चोरी की कोशिश की गई थी। उस मामले में भी पुलिस को बनियान पहने एक संदिग्ध व्यक्ति के फुटेज मिले थे। टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया कि दोनों घटनाओं में एक ही तरह का व्यक्ति दिखाई दे रहा है। पुलिस आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# त्विषा शर्मा की सास गिरिबाला सिंह गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। त्विषा शर्मा की मौत के मामले में उनकी सास गिरिबाला सिंह को सीबीआई ने अरेस्ट कर लिया है। सीबीआई ने पूर्व जज गिरिबाला सिंह की गिरफ्तारी के बारे में भोपाल के प्रधान जिला न्यायाधीश को भी जानकारी दी है। अब सीबीआई शुक्रवार को गिरिबाला सिंह कोर्ट में पेश करेगी।**

इससे पहले बुधवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने रिटायर्ड जज द्वारा जांच में असहयोग का हवाला दिया। इसी आदेश के बाद सीबीआई की टीम गुरुवार को गिरिबाला सिंह के आवास पर पहुंची और कई घंटों की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक सत्र अदालत ने 15 मई को गिरिबाला सिंह को अग्रिम जमानत दे दी थी। सीबीआई ने इस हफ्ते मध्य प्रदेश पुलिस से त्विषा मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। त्विषा के पति समर्थ सिंह इसके बाद से फिलहाल सीबीआई की हिरासत में हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने त्विषा मामले में उसकी सास और पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। बुधवार देर रात जारी अपने 17 पन्नों के आदेश में न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की एकल पीठ ने कहा, "मामले के तथ्यात्मक पहलुओं और प्रतिवादी (गिरिबाला सिंह) के खिलाफ लगाए गए आरोपों के आलोक में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, भोपाल द्वारा 15 मई 2026 को पारित अग्रिम जमानत आदेश को रद्द किया जाता है।" वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "36 साल तक न्यायिक सेवा में रहने के बाद अगर गिरिबाला के मन में कानून के प्रति कोई सम्मान है तो मुझे लगता है कि उन्हें शालीनता से सीबीआई के सामने आत्मसमर्पण करना चाहिए और आगे की जांच में जांच एजेंसी के साथ सहयोग करना चाहिए।



## होटल बुलाकर वीडियो बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ब्यावरा, एजेंसी।** एक युवक द्वारा भोपाल के युवक को होटल में बुलाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाने और चार साल तक ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने वीडियो वायरल करने और दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर युवक से करीब 30 लाख रुपए वसूले। देहात पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीड़ित कुलदीप चक्रवर्ती ने पुलिस मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ब्यावरा के वार्ड-2 भंवरगंज निवासी कमल प्रजापति पिछले चार साल से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। पीड़ित की आरोपी से वर्ष 2014 से पहचान थी।

## महंगे शौक से तंग पति ने खाया जहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** के बहोड़ापुर इलाके में एक युवक ने जहर खा लिया। जहर खाने से ठीक पहले उसने तीन वीडियो बनाए, जिनमें रो-रोकर वह अपना दर्द बयान कर रहा है। वीडियो में उसने पत्नी के महंगे शौक, लग्जरी लाइफ की चाहत और अनजान पुरुषों से रात-रात भर बात करने के आरोप लगाए हैं। युवक ने जहर खाने के बाद तीनों वीडियो अपनी हाउसिंग सोसाइटी के वॉट्सएप ग्रुप में शेयर किए। वीडियो देखते ही पड़ोसियों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस की मदद से युवक को समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया, जिससे उसकी जान बच गई। युवक वेंकट शर्मा प्राइवेट कंपनी में काम करता है।

## युवक की चाकू मारकर कर दी हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** महाकाल थाना क्षेत्र के नलिया बाखल इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चाकूबाजी की घटना में एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। परिजन और स्थानीय लोग थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के पिता प्रेमनारायण मंसोरिया की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। महाकाल थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एवं थाना प्रभारी गगन बादल की विशेष टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार दबिश देकर आरोपियों को पकड़ लिया।

# लिखकर देने को तैयार हूं कि एक महीने में एक लीटर डीजल भी नहीं फूंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** देश में डीजल-पेट्रोल की बचत को लेकर जहां नेताओं-अधिकारियों के नित-नए वीडियो सामने आ रहे हैं, ऐसे में बागेश्वर बाबा के नाम से प्रसिद्ध धीरेंद्र शास्त्री ने सीना ठोककर दावा किया है कि, यदि देश में डीजल पेट्रोल बचाने में सबसे ज्यादा योगदान किसी का है तो वह मैं हूं। उन्होंने कहा कि, यदि कोई कहे तो मैं लिखकर देने को तैयार हूं कि एक महीने में एक लीटर डीजल भी नहीं फूंका।

बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री अपने तर्क और बयानों के लिए भी पहचाने जाते हैं। वे अल्हड़ और देसी और चुटीले अंदाज में बोलने के लिए फेमस है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे दावा कर रहे हैं कि देश में यदि डीजल-पेट्रोल बचाने की बात आएगी तो सीना ठोक के कह सकता हूं कि सबसे ज्यादा मेरा योगदान है। वे पीएम मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का जिक्र करते हुए बात कर रहे थे। धीरेंद्र शास्त्री कथा के दौरान यह बात पंडाल में मौजूद लोगों से कर रहे थे। उन्होंने पीएम मोदी की डीजल-पेट्रोल बचाने की अपील का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कोई यदि कहे तो मैं लिखकर देने को तैयार हूं, एक महीने में मैंने एक लीटर भी डीजल नहीं फूंका। आपको बता दें कि धीरेंद्र शास्त्री बीते 25 दिन से उत्तराखंड देवभूमि में साधना कर रहे हैं। भगवान बद्रीनाथ के धाम में नारायण पर्वत की गुप्ता में एकांतिक साधना में लीन थे। एक छोटी सी गुफा में बर्फीले पहाड़ों के बीच वे साधना में ली थे। दो दिन पहले ही वे साधना पूरी कर नीचे आए और फिर नारायण पर्वत की 13 किलोमीटर की दुर्गम परिक्रमा भी की है। धीरेंद्र शास्त्री अभी एक हफ्ता और बद्रीनाथ में रह सकते हैं। बीते बुधवार से उनकी यहां पर कथा प्रारंभ हुई है। देशभर से श्रद्धालु उनकी कथा में शामिल होने पहुंचे हैं। इसी कथा के दौरान उन्होंने विभिन्न उदाहरण देते हुए लोगों को जागरूक भी किया। पेट्रोल-डीजल बचाने वाली बात भी उन्होंने व्यासगद्दी से बोली है।



# उज्जैन में युवक की चाकू मारकर हत्या...

● बातचीत के दौरान हुआ था विवाद, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र के नलिया बाखल इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चाकूबाजी की घटना में एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। परिजन और स्थानीय लोग थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के पिता प्रेमनारायण मंसोरिया की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।**

महाकाल थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा एवं थाना प्रभारी गगन बादल की विशेष टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार दबिश देकर आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में एकलव्य शर्मा निवासी पुष्कर बावड़ी, नलिया बाखल सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई। कुछ युवक इलाके में बातचीत कर रहे थे। तभी एक युवक वहां पहुंचा और दूसरे युवक को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान स्थिति उग्र हो गई। इसी दौरान चाकू से हमला किया गया, जिसमें मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्त घायल मोहित को तत्काल चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मप्र सरकार ने स्थापित किए 8 नए पुरस्कार

### नानाजी देशमुख के नाम पर राष्ट्रीय, डॉ. गौर के नाम पर राज्य स्तरीय पुरस्कार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने विज्ञान, सामाजिक शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 8 नए पुरस्कार स्थापित किए हैं। इनमें 4 राष्ट्रीय और 4 राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं। सामाजिक शोध को लेकर मध्यप्रदेश को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले और चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान (डीआरआई) के संस्थापक नानाजी देशमुख के नाम पर राष्ट्रीय स्तर का तथा सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिसिंह गौर के नाम पर राज्य स्तरीय सामाजिक विज्ञान पुरस्कार स्थापित किया गया है। विज्ञान भारती के पूर्व राष्ट्रीय संगठन सचिव जयंत राय सहस्रबुद्धे के नाम पर विज्ञान के लोकव्यापीकरण का राष्ट्रीय पुरस्कार और भीमबैठका की खोज करने वाले पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के नाम पर राज्य स्तरीय देशज विज्ञान पुरस्कार दिया जाएगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार राष्ट्रीय पुरस्कारों में 5 लाख व राज्य स्तरीय में 2 लाख रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। पुरस्कार वर्ष 2024-25 से लागू होंगे। 11 जुलाई तक ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। चयन प्रक्रिया अक्टूबर से दिसंबर के बीच पूरी की जाएगी।

### ये हैं 8 नए पुरस्कार

**राष्ट्रीय पुरस्कार... विज्ञान**: डॉ. सीवी. रमन पुरस्कार, इंजीनियरिंग व तकनीक: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार सामाजिक विज्ञान: नानाजी देशमुख पुरस्कार। **विज्ञान लोकव्यापीकरण**: जयंत राय सहस्रबुद्धे पुरस्कार। **राज्य स्तरीय पुरस्कार विज्ञान** : आचार्य वराह मिहिर पुरस्कार, इंजीनियरिंग व तकनीक: डॉ. एम विश्वेश्वरैया पुरस्कार, सामाजिक विज्ञान: डॉ. हरिसिंह गौर पुरस्कार देशज विज्ञान: डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरस्कार।

## सांसद कुलस्ते बोले-

# देश को एक नई दिशा मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडोरी, एजेंसी।** जिला भाजपा कार्यालय में गुरुवार को कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस अवधि में देश ने आर्थिक मजबूती, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, जनकल्याण और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

सांसद कुलस्ते ने जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने और डीबीटी के जरिए योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुंचाने का उल्लेख किया। उन्होंने डिजिटल इंडिया मिशन और यूपीआई व्यवस्था को देश में डिजिटल भुगतान की नई पहचान बताया। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना को गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यशाला में राम मंदिर निर्माण और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के निर्णय को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया। सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे और हवाई अड्डों के विस्तार के साथ 'गति शक्ति' योजना के जरिए देश का इंफ्रास्ट्रक्चर तेजी से मजबूत हुआ है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' और पीएलआई योजनाओं से भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की बात कही। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की साख बढ़ने और देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने पर भी जोर दिया।



# संपादकीय

## रूस की जगह भारत: आर्मेनिया के रक्षा समीकरणों में बड़ा बदलाव


2023 से भारत आर्मेनिया को हथियारों का मुख्य सप्लायर बन गया। आर्मेनिया को हथियार सप्लाई करने के मामले में भारत ने रूस की जगह ले ली है। आर्मेनिया-भारत सहयोग के तहत रक्षा सहयोग पर ज़ोर दिया जा रहा है। आर्मेनिया और भारत ने साझा हितों पर आधारित घनिष्ठ द्विपक्षीय सहयोग सफलतापूर्वक विकसित कर लिया है। आर्मेनिया और भारत, आर्मेनिया-भारत-ईरान और आर्मेनिया-भारत-ग्रीस-फ्रांस जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग स्थापित करने के तरीकों की तलाश कर रहे हैं। भारतीय हथियारों में ATAGS 155 एमएम तोपखाना, MArG, पिनाका MLRS, आकाश-1S एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं। यह भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है। असल में, आर्मेनिया ने एक बड़े रणनीतिक बदलाव के तहत भारत की ओर रुख किया है, जो दक्षिण काकेशस में सत्ता के समीकरणों को फिर से गढ़ रहा है। नागोर्नो-काराबाख को गंवाने और पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान से मिल रही रक्षा चुनौतियों को देखते हुए येरेवान (आर्मेनिया की राजधानी) अब भारतीय हथियारों पर ज़ोरदार दांव लगा रहा है। भारत पहले ही पिनाका रॉकेट सिस्टम, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, स्वाति रडार और तोपखाने के प्लेटफॉर्म की सप्लाई कर चुका है। अब आर्मेनिया भारत से सुखोई-30MKI लड़ाकू विमानों के लिए एक बड़े सौदे को अंतिम रूप दे रहा है। भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और आर्थिक बदलावों के कारण सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स में हो रहे वैश्विक परिवर्तनों को देखते हुए, भारत को रूस और यूरोप तक पहुंचने के लिए नए और सुरक्षित मार्गों की आवश्यकता है। दोनों ही दिशाओं में, दक्षिण काकेशस सबसे छोटा विकल्प है। यह भारत को ईरान और अजरबैजान के रास्ते; ईरान और कैस्पियन सागर के रास्ते; या फिर ईरान, तुर्कमेनिस्तान और कजाकिस्तान के रास्ते रूस से जोड़ सकता है।

# महिला जगत

**महिलाओं के लिए अलर्ट-**

# सिर्फ वजन घटना ही नहीं थायरॉइड की निशानी बालों का झड़ना भी है बड़ी चेतावनी

सालों तक, भारत में थायरॉइड की बीमारी को लेकर एक जानी-पहचानी सोच थी। इसे 'अध उम्र की महिलाओं की बीमारी' माना जाता था, जिसका संबंध वजन बढ़ने और थकान से जोड़ा जाता था लेकिन अब पूरे देश के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट (हार्मोन विशेषज्ञ) कुछ बहुत ही अलग देख रहे हैं। 20 की उम्र के युवा पेशेवर, किशोर लड़कियां बिना किसी वजह के थकान से जूझ रहे पुरुष, और यहां तक कि याददाश्त कम होने का इलाज करवा रहे बुजुर्गइन सभी में एक बात आम पाई जा रही है वह है थायरॉइड की गड़बड़ी।





## ये हैं थायरॉइड के छिपे लक्षण

यह बदलाव अब छोटा-मोटा नहीं रहा। यह क्लीनिकों, दफ़्तरों, घरों और यहां तक कि फ़िटनेस सेंटरों में भी साफ़ दिखाई दे रहा है। ऐसी थकान जो कभी पीछा नहीं छोड़ती, बिना किसी साफ वजह के बेचैनी, बालों का पतला होना, अचानक मूड बदलना, नींद का अनियमित होना, और वजन में लगातार उतार-चढ़ाव ये सब अब लाखों भारतीयों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनते जा रहे हैं। अक्सर लोग इसके लिए तनाव, बढ़ती उम्र, काम की थकान (बर्नआउट) या अपनी जीवनशैली को दोष देते हैं। थायरॉइड की समस्या चुपचाप, बिना किसी की नजर में आए रह जाती है।

## लाखों लोग थायरॉइड की चपेट में

डॉक्टर बताते हैं कि- "थकान, बिना किसी वजह के वज़न बढ़ना, घबराहट, बालों का झड़ना और ठीक से नींद न आना लाखों भारतीय हर दिन इन लक्षणों का अनुभव करते हैं, लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं होता कि ये लक्षण थायरॉइड की गड़बड़ी की ओर इशारा करते हैं।" भारत पर पहले से ही थायरॉइड का काफी बोझ है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और अस्पतालों पर आधारित कई स्टडीज़ के अनुसार, अनुमान है कि लगभग 42 मिलियन भारतीय थायरॉइड संबंधी विकारों से पीड़ित हैं। थायरॉइड ग्रंथि भले ही छोटी हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरे शरीर पर पड़ता है। गर्दन के सामने तितली की तरह स्थित यह ग्रंथि चयापचय, ऊर्जा उत्पादन, शरीर का तापमान, मनोदशा नियंत्रण, मासिक धर्म स्वास्थ्य, हृदय गति और यहां तक कि पाचन क्रिया को भी नियंत्रित करती है। हार्मोन के स्तर में बदलाव होने पर अक्सर जीवन भी प्रभावित होता है।

## महिलाओं में दिखती है ये दिक्कतें

आजकल सबसे उपेक्षित समूहों में से एक 18 से 35 वर्ष की युवा महिलाएं हैं। डॉक्टर कहते हैं- युवा महिलाओं में थायरॉइड रोग के लक्षण अब शायद ही कभी निर्धारित मानकों के अनुरूप होते हैं। वे अक्सर ऐसे लक्षणों की शिकायत लेकर क्लिनिक आती हैं जो तुरंत थायरॉइड से संबंधित नहीं लगते, जैसे लगातार मस्तिष्क में धुंधलापन, बालों का अत्यधिक झड़ना, पुरानी चिंता और अनियमित मासिक धर्म चक्र।' डॉक्टरों को इंसुलिन प्रतिरोध और पीसीओएस जैसी हार्मोनल स्थितियों के साथ भी इसके लक्षण दिखाई दे रहे हैं। वजन को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है, मासिक धर्म अनियमित हो जाता है और भावनात्मक स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आने लगता है। कई महिलाएं थायरॉइड की कार्यप्रणाली की व्यापक जांच कराए बिना ही वर्षों तक लक्षणों का अलग-अलग इलाज करती रहती हैं।

## रजोनिवृत्ति और थायरॉइड के लक्षण एक जैसे

अनुपचारित थायरॉइड की खराबी समय के साथ प्रजनन क्षमता, चयापचय, हृदय स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसका एक सामाजिक पहलू भी है। युवा महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि वे 'बहुत ज्यादा सोचती हैं' 'बहुत भावुक हैं' या कार्य संस्कृति से थक चुकी हैं। कई मामलों में, शरीर वास्तव में चिकित्सा सहायता मांग रहा होता है। रजोनिवृत्ति और थायरॉइड रोग अक्सर एक ही रूप धारण कर लेते हैं 40 और 50 वर्ष की आयु के बाद की महिलाओं में, थायरॉइड रोग लगभग अदृश्य हो जाता है क्योंकि इसके लक्षण रजोनिवृत्ति के लक्षणों से बहुत मिलते-जुलते हैं।

## शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देती महिलाएं

कई महिलाएं अपने करियर के साथ-साथ बुजुर्ग माता-पिता, बच्चों और घर की देखभाल भी कर रही होती हैं। स्वास्थ्य अक्सर प्राथमिकताओं की सूची में सबसे नीचे चला जाता है। जांच कराने के बजाय, महिलाएं थकान के बावजूद काम करती रहती हैं क्योंकि समाज उनसे यही अपेक्षा करता है। समस्या केवल शारीरिक स्वास्थ्य से कहीं अधिक गंभीर है। लंबे समय तक अनुपचारित हाइपोथायरायडिज्म कोलेस्ट्रॉल के स्तर, हृदय स्वास्थ्य, हड्डियों की मजबूती और मानसिक स्वास्थ्य को चुपचाप प्रभावित कर सकता है। जब थकान लगातार बनी रहती है, तो जीवन की गुणवत्ता धीरे-धीरे और चुपचाप बदल जाती है। विश्व स्तर पर, सार्वजनिक हस्तियों ने भी थायरॉइड से जुड़ी समस्याओं के बारे में खुलकर बात की है, जिससे कलंक को कम करने में मदद मिली है।



New Delhi

# आ रहा है विनाशकारी तूफान, आईएमडी ने जारी किया मूसलाधार बारिश का रेड अलर्टमॉनसून का भी जानें हाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मॉनसून अभी पूरी तरह से भारत के विभिन्न हिस्सों में फैला भी नहीं है, लेकिन भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने सावधान करने वाली चेतावनी जारी की है। आईएमडी का कहना है कि अगले 24 से 48 घंटे बेहद संवेदनशील होने जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की उत्तरी सीमा मजबूती से आगे बढ़ रही है और अगले 2-3 दिनों में इसके अरब सागर, लक्षद्वीप और बंगाल की खाड़ी के मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं। इसके साथ ही मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत में भयंकर चक्रवाती आंधी,



ओलावृष्टि और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसकी वजह से आने वाले कुछ दिनों तक लोगों तो उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि अधिकतम तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट देखी जाएगी।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के लिए अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि राज्य के लिए आज का दिन काफी संवेदनशील होने जा रहा है। पश्चिमी यूपी में 80 से 100 किमी/घंटे की रफ्तार से विनाशकारी तूफान की प्रबल संभावना है। इस दौरान ओलावृष्टि और भारी बारिश की आशंका है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो आज यहां 70 से 80 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज तूफान और ओले गिरने की आशंका है।

Bengluru

**सिद्धारमैया युग का अंत!**

## राज्यपाल ने स्वीकार किया सीएम का इस्तीफा, मंत्रिपरिषद भंग



**बेंगलुरु, (एजेंसी) कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शुक्रवार को सिद्धारमैया का बतौर मुख्यमंत्री इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सिद्धारमैया ने एक दिन पहले ही अपना इस्तीफा सौंपा था। यहां लोक भवन से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद को भी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद राज्य में नए मंत्रिमंडल और नेतृत्व के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं।**

बेंगलुरु के लोक भवन से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, राज्यपाल ने सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया। जब तक नई सरकार का गठन या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक सिद्धारमैया मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालते रहेंगे। कांग्रेस आलाकमान के निर्देश के बाद सिद्धारमैया ने अपने पद से इस्तीफा दिया है।

New Delhi

## एयरफोर्स के विमानों से एग्जाम सेंटर तक पहुंचेंगे NEET पेपर? री-नीट के लिए हो रही ये तैयारियां

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नीट-यूजी (NEET-UG) परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक और फजीहत के बाद अब सरकार आगामी 21 जून को होने वाले री-टेस्ट को पूरी तरह 'फूलप्रूफ' बनाने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाने जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सरकार परीक्षा के प्रश्नपत्रों को सुरक्षित और बिना किसी गड़बड़ी के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए भारतीय वायुसेना (IAF) के विमानों का इस्तेमाल करने के विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रही है. इस बड़े और रणनीतिक कदम को लेकर दिल्ली में एक अत्यंत उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसमें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल हुए. वायुसेना के इस्तेमाल पर मंथनः सूत्रों के अनुसार, बैठक में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर चर्चा की कि क्या 21 जून की परीक्षा के प्रश्नपत्रों के ट्रांसपोर्टेशन के लिए वायुसेना के विमानों की मदद ली जा सकती है.

New Delhi

## दिल्ली में फिर हुआ एसी ब्लास्ट और घर में लगी आग, पूर्व आईएएस की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में एक बार फिर से AC ब्लास्ट की वजह से एक घर में आ गई. इस घटना में देश के पूर्व CCI चेयरमैन और वरिष्ठ IAS अधिकारी धनेंद्र कुमार की जान चल गई. यह हादसा 27 मई की आधी रात को हुआ है. इससे पहले दिल्ली के विवेक विहार में AC की वजह से भीषण आग में 9 लोगों की जान जा चुकी है। दिल्ली के हौज खास थाने में रात करीब 11 बजकर 18 मिनट पर पीसीआर पर कॉल आई, जिसमें बताया गया है कि एक घर में आग लग गई है. इसके बाद तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. फिर दो फायर टेंडर्स ने आग पर काबू पाया. घर में आग लगने के समय कुल पांच लोग मौजूद थे,जिसमें



घर में काम करने वाले नौकर भी शामिल थे. सभी को अस्पताल ले जाया गया. इनमें से एक 80 साल के पूर्व IAS धनेंद्र कुमार भी मौजूद थे और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.

खेल

# स्पेलिंग बी के चैंपियन बने भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख; 90 सेकंड में बताए 32 शब्द

**इतना मिला इनाम**

**कैलिफोर्निया, (एजेंसी)** कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख ने प्रतिष्ठित स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने न्यू जर्सी के ईशान गुप्ता को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पेल-ऑफ राउंड में श्रेय और ईशान को 90 सेकंड के भीतर अधिक से अधिक शब्दों की सही स्पेलिंग बताने का मौका मिला। श्रेय ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई, जबकि ईशान 25 शब्द ही सही लिख सके। इसी प्रदर्शन के दम पर श्रेय को विजेता घोषित किया गया।

### पारिख ने कितना जीता इनाम?

श्रेय पारिख इससे पहले साल




2022 स्क्रिप्स स्पेलिंग बी में पारिख 89वें स्थान पर आए थे। साल 2024 में तीसरे स्थान पर रहे थे। 2024 में भी प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचे थे। इस जीत के साथ उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि यानी लगभग 41.5 लाख रुपये अपने नाम कर ली। साथ ही एक स्मारक पदक, प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप, मेरियम-वेबस्टर की ओर से 2,500 डॉलर, डेल्टा एयरलाइंस की ओर से 1,000 डॉलर के फ्लाइट क्रेडिट और एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका की ओर से 400 डॉलर मूल्य की संदर्भ पुस्तकें प्रदान की जाएंगी।

### देश-विदेशों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता सोमवार को वॉशिंगटन स्थित डीए आर कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में शुरू हुई थी। इसमें अमेरिका के सभी 50 राज्यों, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, गुआम, प्यूर्टो रिको, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, यूरोप स्थित रक्षा विभाग के स्कूलों और बहामास, कनाडा, घाना, नाइजीरिया व संयुक्त अरब अमीरात सहित पांच अन्य देशों के कुल 247 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में नौ प्रतिभागियों ने जगह बनाई थी। वहीं, जॉर्जिया के 12 वर्षीय सर्व धारवाने तीसरे स्थान पर रहे।

### क्या है स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी?

स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित स्पेलिंग प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसका आयोजन हर साल अमेरिका में किया जाता है। इस प्रतियोगिता में हजारों छात्र हिस्सा लेते हैं और कई चरणों से गुजरने के बाद विजेता का चयन होता है।

सिनेमा

## डॉन 3 विवाद में सलमान खान की एंट्री? रणवीर-फरहान अख्तर के बीच कराएंगे सुलह



बॉलीवुड में इस समय रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के झगड़े की चर्चा चल रही है. जबसे रणवीर ने डॉन 3 फिल्म छोड़ी है, तबसे दोनों के रिश्ते बिगड़ गए हैं. फरहान रणवीर से उन्हें हुए नुकसान की भरपाई चाहते हैं, जिसे धुरंधर एक्टर देने से इनकार कर रहे हैं. ऐसे में फरहान और उनके पार्टनर रितेश सिद्धवानी इस कोशिश में हैं कि उन्हें रणवीर से अपने नुकसान का पैसा मिल जाए. सोमवार को FWICE ने डॉन 3 मेकर्स की शिकायत के बाद रणवीर सिंह को इंडस्ट्री में बैन भी कर दिया, जिसके बाद उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स पर अटकलें लगनी शुरू हुईं. मगर इस घटना के बाद रणवीर और फरहान के बीच की लड़ाई और बढ़ गई है. अब दोनों में सुलह कराने के लिए हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार सलमान उतरे हैं. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट अनुसार, सलमान ने रणवीर और फरहान के बीच हो रही इस लड़ाई को शांत करने का फैसला लिया है. वो चाहते हैं कि दोनों पार्टी बिना मीडिया में किसी तमाशे के अपने-अपने मुद्दे सुलझा लें. बताया जा रहा है कि सलमान रणवीर सिंह को बेहद पसंद करते हैं, और फरहान अख्तर के परिवार से भी उनका गहरा नाता रहा है. उन्होंने दोनों को कॉल करके उनसे कहा कि अपने झगड़े आपस में सुलझा लें, लेकिन अपने-अपने प्रोजेक्ट का भविष्य खराब ना करें.

## Highlights

1. **Rowdy-sheeter jumps from building while fleeing police**
2. **Karnataka Governor Gehlot accepts Siddaramaiah's resignation as CM**
3. **Dhanendra Kumar, ex-IAS officer & 1st CCI chief, dies in AC blast at Delhi home**
4. **Properties worth ₹11 cr attached by ED in Goa nightclub fire case**
5. **Top KCP commander arrested in Delhi; large cache of arms seized**

# Cornell professor talks AI chaos, and dismissing AI writers

**NEW DEIHI, (Agency).** Cognitive warmup. Actor, comedian and filmmaker Seth Rogen has some choice words for creatives using AI to 'write'. During a promotion of his animated film "Tangles" at the Cannes Film Festival, he said in an interaction that if a writer or a creative's instinct is to use AI to write, "You shouldn't be a writer. Because you're not writing".

That's as clear as it gets, before sends out another suggestion. "Go do something else. And if you don't want to go through the process, you shouldn't be a writer. The idea of a tool that makes me write less is not appealing to me, because I like writing".

Inevitable chaos

There is an inevitable certainty that new AI systems such as Anthropic's Claude Mythos will lead to "some chaos", according to Adrian Sampson, who is associate



professor of computer science at Cornell University. In a note shared with us, Sampson talks about two distinct stories that are playing out with artificial intelligence now claiming to be very capable at finding security risks with the world's software. As I'd pointed out in my piece regarding Mythos and Project Glasswing, a commercial architecture that's being created with Claude Mythos means it is still very much a product in Anthropic's scheme of things—scarcity, capabilities, and therefore premium pricing strategies will be at work. Sampson points out something very simple for starters—"All software has bugs, and most software has serious security bugs. You just have to find them".

He points out a very relevant aspect of this, that it was expensive to otherwise search for exploitable security bugs. "There was a sort of equilibrium: 'white hat' software vendors spent money and engineering time on both searching for vulnerabilities and implementing broad mitigations; 'black hat' attackers spent their resources only on the former. But the vendors generally had more resources in aggregate." That balance no longer remains a sort of an insurance layer, because AI such as Claude Mythos makes it much more affordable to find new vulnerabilities that no one else knows about.

# Global temperatures may reach near record highs in next 5 years: UN report

**NEW DEIHI, (Agency).** Average global temperatures are forecast to reach near-record levels in the next five years, with Arctic temperatures expected to warm faster than other regions, a report by the U.N. weather agency and the UK's Met Office said on Thursday.

The annual report, which gives regional predictions for temperatures and rain, predicts that annual global mean near-surface temperatures will range between 1.3 degrees Celsius and 1.9 degrees Celsius above the 1850-1900 pre-industrial period.




"There's very clear evidence that the climate is warming and that the global average temperature is continuing to rise," Melissa Seabrook, a research scientist at the UK Met Office, told Reuters.

In the 2015 Paris Agreement, governments promised to try to prevent the average global temperature rise from exceeding 1.5 degrees Celsius above pre-industrial levels, above which severe climate events were seen growing in intensity.

2024 record for warmest year seen broken

The report said it is very likely that the global mean near-surface temperature will temporarily exceed 1.5 degrees Celsius above the 1850-1900 average levels for at least one year between 2026 and 2030.

मुख्य आरोपी अब भी फरार

# अभि तोमर हत्याकांड में तीन और गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में 21 मई को गुलाब बाग पेट्रोल पंप के सामने हुए अभि तोमर हत्याकांड में पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद की है। वहीं इस सनसनीखेज हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।**

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी गुलशन यादव ने अपने भाई विष्णु की हत्या का बदला लेने के लिए अभि तोमर की हत्या की साजिश रची थी। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया और बाद में फरार हो गया। पुलिस ने मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें पीयूष गुर्जर (18) निवासी



विजयनगर, सत्ते उर्फ सत्यवीर (23) निवासी चंदनपुरा भिंड, गौरव उर्फ संजू (22) निवासी गुलमोहर का बगीचा चितावद रोड, नरेश चौरसिया (36) निवासी ब्रिटिश पार्क और भानु गुर्जर (29) निवासी ब्रिटिश पार्क शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों ने मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने और फरार होने में मदद की थी। पुलिस गुरुवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है, ताकि उनसे पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जा सके। इस मामले में मुख्य आरोपी गुलशन यादव के साथ उसके साथी डीलू उर्फ चंदन उर्फ चंद्रकांत लहारिया और गौरव जाटव घटना के दिन से फरार हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के माली पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के यहां माली का काम करने वाले व्यक्ति का घर के सामने रास्ते में खड़े होने की बात पर पड़ोसियों से विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।**

बाणगंगा पुलिस ने माली अरविंद यादव की शिकायत पर राजेश चौहान, संगीता चौहान, विवेक चौहान, अमन चौहान, विक्की चौहान, मिथुन चौहान और अर्जुन चौहान के खिलाफ मारपीट और विवाद का मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की शिकायत पर अरविंद यादव और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। एसीपी रूबीना मिजवानी के अनुसार अरविंद पूर्व सांसद के यहां माली का काम करता है। उसने राजेश को घर के सामने खड़े होने पर टोका था, जिसके बाद विवाद और मारपीट हो गई। यह घटना 24 मई को हुई, जिसके बाद उसी दिन दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को नोटिस देकर थाने बुलाया था। इस दौरान पूर्व सांसद की ओर से मामले की जानकारी ली गई और शिकायत भी दर्ज कराई गई। इसके बाद मामला पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह तक पहुंचा, जहां रुपए मांगने और गलत एफआईआर के आरोप लगाए गए। पुलिस कमिश्नर ने पूरे मामले की फाइल एसीपी रूबीना मिजवानी को बुलाकर तलब की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों की एफआईआर दर्ज है और नोटिस जारी किए गए हैं। जांच जारी है।

## चोइथराम मंडी में चाकूबाजी, 4 युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चोइथराम मंडी में बुधवार देर रात चाकूबाजी की वारदात हो गई। तीन से ज्यादा बदमाशों ने मंडी में काम करने वाले चार कर्मचारियों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में चारों घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। राजेंद्र नगर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घायल कर्मचारियों के नाम अरुण पुत्र राजू निवासी राजा रानी नगर, सुनील पुत्र बाबूलाल, रंजीत पुत्र रामगणेश और सूरज पुत्र बाबूलाल हैं। सभी चोइथराम मंडी की दुकान नंबर-1 पर काम करते हैं। बताया जा रहा है कि देर रात सभी कर्मचारी मंडी में फलों से भरे वाहन खाली कराने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मंडी गेट के पास बने सार्वजनिक शौचालय के पास अंधेरे में बैठे बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब सुनील ने रुपए देने से इनकार किया, तो बदमाशों ने चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। सुनील को बचाने पहुंचे अन्य साथियों पर भी आरोपियों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक